तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 अमर शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर श्रृंखला ...





14 महिला सम्मान समारोह का हुआ ...




## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## रोप-वे हादसा फॉलोअप: हादसे की हकीकत जानने पहुंचा कांग्रेसी दल

# कांग्रेस का आरोपः रोप-वे की केबल घटिया होने हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पर्यटन और आस्था के केंद्र खल्लारी माता मंदिर में 22 मार्च रविवार को हुए भीषण रोप-वे हादसे में अब तक 2 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, गंभीर तौर पर दो अन्य घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चीफ दीपक बैज द्वारा गठित टीम ने घटनास्थल का बारिकी से जांच की।

जांच कमेटी संयोजक, कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरीनंद, पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने पहाड़ी के नीचे स्थित रोप-वे स्टेशन का निरीक्षण किया और उसके संचालन की जानकारी ली। बाद वे तार टूटने से गिरी ट्रॉली का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां उपस्थित स्थानीय लोगों से घटनाक्रम व रोप-वे संचालन के विषय में भी जानकारी ली। जांच के दौरान काफी खामियां पाई गई। मॉनिटरिंग की कमी, लापरवाही और रोप-वे ट्रॉली से क्षमता से अधिक वजन की सामग्रियां ढुलाई किए जाने जैसे मामले सामने आए। वहीं कंपनी के शीर्ष की बजाय केवल मैदानी अमले को दोषी ठहराए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**पीसीसी चीफ बैज के निर्देशन में संयोजक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में 6 सदस्यीय दल ने की कारणों की जांच, अब सौंपेगे रिपोर्ट**



### कांग्रेस का दावा : रोपवे केबल की गुणवक्ता में कमी

कांग्रेसी दल ने रोपवे के टूटे केबल को देखा, जिसमें केबल के बाहरी हिस्से में स्टील का तार और अंदर नाइलोन की रस्सी पाई। पूरी तरह स्टील की बजाय घटिया केबल लगाया गया। टीम रोपवे ऑपरेटरों, प्रत्यक्षदर्शियों और मंदिर प्रबंधन से बातचीत कर घटनाक्रम की पूरी जानकारी जुटाई।

### दोनों की हालत अब भी चिंताजनक

बुधवार को गोविंद स्वामी (44 वर्ष) के निधन के बाद अब उनकी पत्नी नमिता (36 वर्ष) तथा 9 वर्षीय पुत्री कुशिका की स्थिति में सुधार की कामना की जा रही है। गोविंद को कंधे, दोनों पैर और गर्दन की हड्डियों में फ्रैक्चर के बाद हड्डियों से लगी आंतरिक चोटों के चलते डॉक्टरों की टीम बचा पाने में असफल रही। वहीं नमिता के पैर में फ्रैक्चर और गंभीर चोटें और 9 वर्षीय बच्ची कुशिका के भी पैर में फ्रैक्चर के साथ सिर में गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### अंत्येष्टि में नम हुई आंखें, उमड़ा जनसैलाब

बुधवार देर शाम गोविंद स्वामी के निधन की खबर के साथ ही शहर में शोक का माहौल हो गया। अप्रत्याशित घटना में छोटी स्वामी के निधन ने परिजनों और मित्रजनों से अपरिचितों को भी झकझोर दिया। दुर्घटना और उसके सामने आ रहे कारणों को लेकर लोग काफी आक्रोशित हैं और पूरा परिवार उजड़ जाने को लेकर काफी व्यथित भी है।

### इन बिंदुओं पर भी जांच जरुरी

- *क्या वाकई रोपवे से निर्माण और मंदिर समितियों के भंडारा के राशन और अन्य सामनों की ढुलाई होती रही है?*
- *रोप-वे की क्षमता क्या निर्धारित थी? और सामनों की ढुलाई के दौरान क्या इन मानकों को फॉलों किया जाता था?*
- *रोप-वे की मेंटेनेंस की रिपोर्ट, इन इंजीनियरों की देखरेख में हुई, वह रिपोर्ट मेंटेनेंस के बाद किसके समक्ष पेश की गई?*
- *रोप-वे सेकेंड हेंड था या नया? इसकी लागत और निर्माण क्वालिटी के आधार पर हुई है या कॉम्पिटिशन बेस पर ?*
- *संचालन जब कंपनी और समिति दोनों द्वारा कराया जा रहा था? तो सिर्फ एक पक्षीय एफआईआर क्यो? और अब तक क्या कार्रवाई हुई?*
- *कंपनी द्वारा टिकट के साथ दिया जाने वाला बीमा का लाभ घायलों को मिलेगा या नही?*

### *बिना विशेषज्ञ मेंटेनेंस, बदला गया चक्का और जनरेटर से संचालन*

जांच टीम के नेतृत्व कर रहे खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा है कि, कंपनी ने नवरात्रि पर्व के तीन दिन पूर्व मेंटेनेंस कार्य के दौरान कोई तकनीकी इंजीनियर विशेषज्ञ मौजूद नहीं था. मेंटेनेंस के दौरान अपर स्टेशन के मुख्य चक्का (व्हील) को बदल गया था। वह पूर्व में लगे चक्के से भिन्न पाया गया। पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के अभाव में रोपवे का संचालन जनरेटर के माध्यम से किया जा रहा था। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मृतकों के लिए 50-50 लाख मुआवजा और घायलों के ठीक होने तक पूरी तरह से मुफ्त इलाज की मांग की।

# राशन दुकान के सामानों में गड़बड़ी जांच के बाद महिला समूह अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कुटेला में संचालित राशन दुकान में हुई जांच के बाद सामानों में गड़बड़ी पाए जाने के मामले में सरायपाली थाने में महिला स्वसहायता समूह अध्यक्ष एवं सचिव के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने बताया कि खंड सरायपाली के खाद्य निरीक्षक द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 05/03/25 को संचालक, संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नवा रायपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक/1415/खाद्य-संचा/पीवी2025/2025 के आधार पर ग्राम कुटेला के शासकीय उचित मूल्य दुकान के सामानों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दूकान का संचालन माह सितंबर 2023 से मां संतोषी महिला स्व. सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्ष सेत कुमारी चौहान एवं सचिव माधुरी चौहान है। सत्यापन में पाया कि 31 मार्च 2025 की स्थिति में चांवल 49.82 क्विंटल, नमक 3.51 क्विंटल, शक्कर 3.41 क्विंटल ई पास में प्रदर्शित मात्रा से कम पाया गया एवं जांच दिनांक तक कुल चांवल 130.52 क्विंटल कीमत 5, 43, 323रुपये, शक्कर 3.51 क्विंटल कीमत 13757, नमक 3.41 क्विंटल कीमत 4137 कुल राशि 5, 61, 217 रुपए की कमी पायी गई और यह भी ज्ञात हुआ की दुकान संचालकों द्वारा हितग्राहियों को समय पर एवं नियमित राशन का वितरण नहीं किया जा रहा था। राशन कार्डधारियों को राशन न देकर धोखाधड़ी करते हुए राशन की बिक्री बाहरी व्यक्तियों को कर बेईमानीपूर्वक अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा रहा था। दोषी पाए जाने पर उपरोक्त व्यक्तियों को लागत राशि की भरपाई हेतु नोटिस एवं स्मरण पत्र दिया गया था परंतु इनके द्वारा राशि का भुगतान विभाग को नहीं किया गया है। ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के आधार पर पुनः 23/01/26 को दुकान का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें पूर्व में पाई गई राशन की कमी की स्थिति और बढ़ी हुई थी। मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध धारा 3/7-ईएसएस, 3(5), 316(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## ओवरब्रिज के नीचे से बाइक चोरी

**महासमुंद**। तुमगांव ओवरब्रिज के नीचे से एक बाइक चोरी के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। तुमगांव पुलिस को कार्तिक निषाद पिता गणेशु राम निषाद (24 साल) निवासी ग्राम कोमा थाना खल्लारी ने बताया कि 23 मार्च को वह अपने ससुराल बड़गांव से खाना खाकर रात्रि करीबन 08.30 बजे निकला था। करीबन 09 बजे भोरिंग चौक ओवर ब्रिज के पास पहुंचने पर स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से ब्रिज के नीचे गाड़ी को खड़ी कर वहीं सो गया, जब उठा तो देखा कि मेरी बजाज प्लसर मोटर सायकल सोल्ड वहां पर नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।




## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्रम दुधिपाली के कबाडी दुकान के पास एक व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। बसना पुलिस ने खान कबाड़ी दुकान के पास ग्राम दुधिपाली में आरोपी शिव कुमार मिरी पिता मेमसिंह मिरी (23 साल) गढ़फुलझर के कब्जे से 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना पर बसना थाने में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की ठोकर से गंगाधर बरिहा पिता हिरालाल बरिहा (60 साल) कलीहारी थाना सरसीवां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ हाल निवास वार्ड नं 06 बसना थाना बसना की मौत हो गई। पुलिस ने सीएचसी बसना से मिली सूचना के बाद मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है

### 'संवाद' पर मिली गुप्त सूचना एलपीजी कालाबाजारी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** जिला पुलिस ने "शिकायत हेल्प डेस्क- "संवाद" पर एलपीजी की कालाबाजारी संबंधी मिली गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि जिले में घरेलू गैस का अवैध कारोबार के खिलाफ महासमुंद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बागबाहरा पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले के राजकुमार पटेल पिता श्याम लाल पटेल (38 साल) निवासी वार्ड नंबर दो झलप चौक बागबाहरा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। एलपीजी रिफिलिंग के अवैध ठिकाने पर छापेमारी कर बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मौके से 7 खाली घरेलू एलपीजी सिलेंडर गैस, रिफिलिंग पाइप इलेक्ट्रिक तौल मशीन, दो वाहनों सहित अन्य खतरनाक उपकरण जब्त किए गए हैं। बरामद सामानों की कीमत कीमत 8, 09, 000 रुपए को बरामद किया है।

### गोंदवारा के शीतला मंदिर में 203 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के संत कबीरदास वार्ड नंबर 3 स्थित गोंदवारा के शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 203 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मां शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, सेवा एवं मंत्रोच्चार के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की कार्यकारिणी का विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में मेंबरशिप ग्रोथ पर फोकस करते हुए राज्य प्रशिक्षण केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में विशेष रूप से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा उपस्थित हुईं। राज्य कार्यकारिणी द्वारा राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर उनका सम्मान किया गया।

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा की अध्यक्षता में आयोजित हुई राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में 2026- 27 के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया। वार्षिक युवा एवं एडल्ट कार्यक्रम पर चर्चा और सुझाव लेते हुए इसका भी अनुमोदन किया गया। बेसिक कमिश्नर्स कोर्स, राज्य पुरस्कार रैली एवं अलंकरण समारोह, रोवर रेंजर समागम सहित एजेंडा के अन्य विषयों पर चर्चा की गई एवं इसे पारित किया गया। राज्य मुख्यालय के कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी का विषय भी राज्य कार्यकारिणी में लाया गया। अभनपुर एवं झीपम स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र के विकास कार्यों को लेकर



चर्चा की गई।

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने बताया कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी को सीमित बजट और सीमित संसाधनों में आयोजित करने को लेकर राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। सीमित बजट और संसाधनों में भव्य जम्बूरी का आयोजन किया गया। खालसा ने कहा कि राज्य मुख्यालय का पूरा फोकस मेंबरशिप ग्रोथ पर है।

राज्य में स्काउटिंग के क्रियाकलापों को गति देने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। राज्यसभा सदस्य एवं उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि स्काउटिंग से जुड़ा हर युवा और लीडर न केवल समर्पित भाव से कार्य करता, बल्कि हर पस्त्रिस्थिति के लिए तैयार रहता है। स्काउटिंग के माध्यम से समाज की दशा सुधारने में योगदान दिया जा रहा है और दिशा दिखाई जा रही है। लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि विश्वव्यापी स्काउट आंदोलन से वे जुड़ीं। राज्य सचिव बृजेश कुमार बाजपेयी ने तकनीकी जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक में मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त, कांकेर भरत मटियारा, राज्य उपाध्यक्ष द्वय विजय केशरवानी, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, सुनिता वोहरा, राज्य कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, राज्य आयुक्त रेंजर डा. नीता वाजपेयी, राज्य आयुक्त वयस्क संसाधन सीमा साहू, संयुक्त राज्य सचिव बीना यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# पिथौरा छात्रावास का अनुशासन संवार रहा छात्रों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकासखंड पिथौरा स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास आज रहने और पढ़ने की सुविधा के साथ ही अनुशासन, आत्मनिर्भरता और समग्र विकास का सशक्त केंद्र बन चुका है। पिथौरा का यह छात्रावास आज अनुशासन की साधारण सी मेज़ से शुरू होकर बहु-दिशीय विकास की ओर सशक्त होकर छात्राओं के वर्तमान को संवार रहा है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव भी तैयार कर रहा है। यहां की दिनचर्या सुबह की प्रार्थना, योग और व्यायाम से शुरुआत होती है। इसके साथ ही समय पर नाश्ता और कक्षाओं के लिए प्रस्थान, शाम को खेल-कूद, स्वाध्ययन और समय पर विश्राम, इसी नियमितता में वह शक्ति निहित है, जो छात्राओं के जीवन को दिशा और उद्देश्य प्रदान कर रही है।

अनुशासन छात्राओं के विकास को बुद्धि, शरीर, चरित्र और सामाजिक संबंध, चारों दिशाओं में समान रूप से आगे बढ़ा रहा है। सामूहिक स्वाध्ययन और सीमित संसाधनों के



बीच सीखने की प्रक्रिया ने उन्हें संसाधनों का सही उपयोग करना सिखाया है। छात्रावास परिसर की साफ-सफाई, बागवानी और किचन गार्डन जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी ने उनमें सहयोग, जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुणों को स्वाभाविक रूप से विकसित किया है। बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समाचार पत्र पढ़ने को दैनिक दिनचर्या में शामिल किया गया है। साथ ही समय-समय पर आयोजित रंगोली, मेहंदी, कविता, पेंटिंग, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर दिया है। कैरियर काउंसलिंग सत्रों ने छात्राओं को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही विषय और दिशा चुनने में मार्गदर्शन दिया है, जिससे उनका आत्मविश्वास और लक्ष्य स्पष्ट हुआ है। वहीं छात्रावास में छोटे-छोटे त्योहारों का सामूहिक रूप से आयोजन और प्रत्येक छात्रा के जन्मदिन पर केक काटना, उनके बीच आत्मीयता और अपनत्व को मजबूत करता है। यह वातावरण उन्हें मानसिक रूप से प्रसन्न और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाता है।

छात्राओं की उपलब्धियां इस सकारात्मक माहौल का प्रमाण हैं। ऋतु ठाकुर के नेतृत्व में छात्रावास की टीम ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर के फाइनल में अपनी जगह बनाई। इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में भी टीम ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा अन्य छात्राएँ भी स्कूल और कॉलेज स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। प्रोजेक्ट संकल्प के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला ने छात्रावास के वातावरण को और भी सकारात्मक बना दिया है। संवाद, कहानियों और प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं ने सुनने, समझने और अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने की कला सीखी है। अब वे अपने जीवन की जिम्मेदारियों को समझने लगी हैं और एक नई ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं।

# आरंभ पब्लिक स्कूल के छात्र का सैनिक स्कूल में चयन



**महासमुंद।** आरंभ पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र अर्शजीत साहू पिता कृष्ण कुमार साहू, माता तनूजा साहू का चयन सैनिक स्कूल अंबिकापुर के लिए हुआ है। अर्शजीत ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए छात्रों को एआईएसएसईई (ऑल इंडिया सैनिक स्कूल्स एंट्रेंस एक्जामिनेशन) नामक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाती है। इसमें गणित, सामान्य ज्ञान, भाषा और बुद्धिमत्ता से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। यह परीक्षा छात्रों के बौद्धिक स्तर, तार्किक क्षमता और अनुशासन का मूल्यांकन करती है। अर्शजीत की इस सफलता पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने हर्ष जताया है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिया मिलिंद चंद्राकर ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है और उन्हें भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। छात्र के माता-पिता ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सकारात्मक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि अर्शजीत भविष्य में देश की सेवा करते हुए विद्यालय, परिवार और समाज का नाम गौरवान्वित करेगा।

# मां सोनई रुपई कौंदकेरा में जगमगा रहे आस्था के ज्योत

### सोनई रुपई माता कौन्दकेरा वर्षों से रही है आस्था का केंद्र

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से महज 6 किमी की दूरी पर ग्राम कौंदकेरा में प्रकृति के मध्य विराजित माता सोनई रुपई आस्था की केंद्र रही है। घने जंगलों व हरे भरे खेत खलिहानों के मध्य माता के मंदिर में वर्षों से नवरात्रि पर आस्था के ज्योत प्रज्जवलित की जा रही है।

ऐसी मान्यता है कि जो माता के शरण में जाकर अपनी फरियाद करता है, माता सोनई रुपई उनकी हर मनोकामना पूर्ण करती है। बहुत पहले घने जंगलों के बीच माता के मंदिर के आसपास खतरनाक झुरमुट हुआ करता था, जिसे लोग डर से काट नहीं पा रहे थे। लेकिन, ग्रामवासियों ने साहस जुटाते हुये प्रार्थना कर झाडियों को काटकर ज्योति कक्ष का निर्माण कराया।



लेकिन, माता का स्थापना आज भी पेड़ों के नीचे स्थित है। ग्राम के डामेश चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, द्वारिका चंद्राकर, हेमलाल चंद्राकर, रामकुमार सेन, मनोज सेन, चूड़ामणि चंद्राकर, बद्री चंद्राकर, वकील ध्रुव, राजकुमार सहित वर्तमान में पंडा के रुप में यादराम चंद्राकर ने बताया कि कौंदकेरा सहित आसपास के लोगों के लिए मान्यता का केंद्र है। साथ ही दूरदराज के लोग भी माता के दर्शन लाभ के लिए पहुंचते हैं। साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने बताया कि लगभग 10 वर्षों से निरंतर ज्योति प्रज्ज्वलित करा रहे हैं। इस वर्ष माता सोनई रुपई में 61 ज्योति प्रज्ज्वलित है। पंडा यादराम चंद्राकर ने बताया कि प्रतिवर्ष नवरात्रि में दूर दूर से लोग मां के शरण में आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर रहे हैं।

# समय की बचत और रोजमर्रा के काम हुए आसानः नागबाई

## बड़ेलोरम पिथौरा में हर घर जल योजना से ग्रामीणों के जीवन में खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेलोरम में जल जीवन मिशन के तहत संचालित हर घर जल योजना ने ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली लाई है। कभी पानी के लिए संघर्ष करने वाला यह गांव आज स्वच्छ और सहज पेयजल उपलब्ध होने पर खुशी जाहिर की।

बड़ेलोरम के ग्रामीणजन बताते हैं कि पहले पेयजल के लिए हैंडपंप और अन्य अस्थायी स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की अधिक खपत होती थी। लेकिन, अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। गांव के सभी 259 घरों तक नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इस परिवर्तन के पीछे मजबूत आधारभूत संरचना का निर्माण किया गया है। गांव में 60 किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण 93.17 लाख रुपये की लागत से किया



गया। इसके साथ ही 3570 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई, जिससे हर घर तक पानी का निरंतर पहुंच रहा है। पहले से मौजूद 10 हैंडपंप और 1 पावर पंप भी जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस योजना की सफलता में ग्राम पंचायत की सक्रिय भूमिका रही है। सरपंच पदमा प्रधान और सचिव सूरज साहू के मार्गदर्शन में जल प्रबंधन को प्रभावी रूप से लागू किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से 6 फरवरी 2026 को ग्राम बड़ेलोरम को हर घर जल प्रमाणित किया गया। इसके साथ ही गांव में संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था की गई है। ग्राम समिति द्वारा प्रत्येक परिवार से 60 रुपये प्रतिमाह जल उपयोग शुल्क लिया जा रहा है, जिससे पाइपलाइन, मोटर और अन्य व्यवस्थाओं का नियमित रखरखाव किया जा सके। गांव की हितग्राही नागबाई बताती हैं कि पहले पानी लाने में काफी समय और मेहनत लगती थी, लेकिन अब घर में ही नल से पानी मिलने लगा है। इससे उनके रोजमर्रा के कार्य आसान हुए हैं और समय की भी बचत हो रही है, जिसे अब वे अन्य उपयोगी कार्यों में लगा पा रही हैं। इस तरह जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम बड़ेलोरम में हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने पर ग्रामीणजनों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

# महासमुंद एवं सरायपाली के तीन फर्मों का किया गया औचक निरीक्षण

### जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण कर नमूने संकलित किए और आवश्यक कार्रवाई की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अभिहित अधिकारी उमेश कुमार के नेतृत्व में 11 मार्च 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा फर्म मेसर्स युवराज ब्रेवरेजेस लभराखुर्द में औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान युवराज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (01 लीटर) का विधिक नमूना संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया। इसी तरह 16 मार्च 2026 को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशनी राजपूत द्वारा मेसर्स बिसेन फूड्स, नांदगांव रोड बेलसोंडा में निरीक्षण किया गया। यहां बिसेन लिटिल बाइट वैनिला का नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। वहीं 23 मार्च 2026 को फर्म मेसर्स कृष्णा इंडस्ट्रीज किसड़ी सरायपाली में भी औचक निरीक्षण किया गया। कुल 04 विधिक नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजे गए। इसके अलावा मौके पर 98 बोरी पानी पाउच एवं 5814 पानी की बोतलों को सीज किया गया।

अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि संकलित नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित फर्मों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गांजा तस्करी के दो आरोपियों को सजा 15-15 साल कैद और डेढ़-डेढ़ लाख जुर्माना

**सरायपाली।** युवा वर्ग नशे की लत से ग्रसित, जिस कारण समाज और परिवार गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे है। न्यायालय द्वारा गंभीरता से लिया गया। एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा नशे के तस्करों को कड़ी से कड़ी सजा देने और अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने विशेष योजना के परिणाम स्वरूप अपराधीयों को पकडने एवं उन्हें कड़ी से कडी सजा दिलाने विशेष न्यायालय एनडीपीएस के न्यायाधीश वंदना दीपक देवागंन द्वारा गांजा तस्करों को कठोर दण्ड से दण्डित करते हुए 31 किलो गांजा परिवहन के आरोप में 15-15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं डेढ़-डेढ़ लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा आरोपी अभय पटेल एवं कमल कुमार शुक्ला को दी गई।

इस संबंध में लोक अभियोजक देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि घटना दिनांक 27/07/2023 की है, बैतारी चौक मुख्य मार्ग में आरोपी जो कि अपना यामहा मोटर सायकल से आ रहे थे। जिन्हें रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम अभय पटेल निवासी धोपी थाना मनगांव जिला रीवा मप्र एवं कमल कुमार शुक्ला निवासी कहरा थाना मनगांव जिला रीवा मप्र बताया, मोटर सायकल में दोनो के बीच में रखे कपड़े के बैग की तलाशी में 31 किलो गांजा दोनो के संयुक्त कब्जे से बरामद हुआ। थाना सरायपाली द्वारा अपराध कमांक 186/2023 पंजीबध्द कर आरोपीयों को जेल भेजकर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान स्वतंत्र साक्षी मनोज यादव, केशव चौहान एवं संतोष अग्रवाल द्वारा अभियोजन का समर्थन नहीं किया, वे पक्ष द्रोही हो गये परन्तु पुलिस स्टॉफ आरक्षक मानवेन्द्र कुमार ढीढी, सैनिक संजीव यादव, आरक्षक योगेन्द्र कुमार बंजारे, आरक्षक राकेश साहू, प्रधान आरक्षक राधाचरण प्रधान, आरक्षक विरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं विवेचक सहायक उप निरीक्षक बलराम साहू के सटिक एवं अखण्डित साक्ष्य से अभियोजन इस मामले को सिध्द करने में सफल रहा। अभियोजन द्वारा दण्ड के प्रश्न पर कथन किया गया कि देश में युवा वर्ग नशे की लत से ग्रसित है, जिस कारण समाज और परिवार गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे है। उक्त तथ्य को न्यायालय द्वारा गंभीरता से लिया गया। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजन देवेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा की गई।

### भाठागांव के 2 एकड़ अवैध प्लाटिंग पर एक्शन

**रायपुर।** भाठागांव क्षेत्र के केशरी बगीचा में करीब 2 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम ने रोक लगाई है। जोन 6 के नगर निवेश विभाग ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग के मुरुम रोड को जेसीबी से काटकर आवागमन के मार्ग को अवरुद्ध किया है। नगर निगम जोन 6 के भाठागांव में केशरी बगीचा के पास निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश एवं जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश पर जोन कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर, अंकुर अग्रवाल की टीम ने स्थल पर पहुंचकर वहां निर्मित अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर वहां का आवागमन बाधित किया।

# भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में 10-10 हजार रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित

## पिथौरा जनपद सभागार में पात्र हितग्राहियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

जनपद पंचायत पिथौरा सभागार में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हितग्राही, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से योजना का शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण पिथौरा जनपद सभागार में भी किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा योजना के उद्घाटन के पश्चात पिथौरा में भी हितग्राहियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा उपस्थित जनों ने मुख्यमंत्री का




प्रेरणादायी उद्बोधन सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 4.95 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में 10-10 हजार रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित कर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया। पश्चात स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर योजना का लाभ दिया गया। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान हितग्राहियों के चेहरे पर प्रसन्नता और संतोष का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया, जो इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे उपस्थित रहीं। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने की। उनके साथ जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, लक्ष्मीकांत सोनी, सुशील भोई एवं पुष्पकांत पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने हितग्राहियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ योगेश्वरी बर्मन, तहसीलदार मनीषा देवांगन, नायब तहसीलदार ललित सिंह, नगर पंचायत सीएमओ बिरझुराम सोनबेर, उमेश दीक्षित सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह योजना भूमिहीन कृषि मजदूरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है और उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए 17 तक आवेदन

**महासमुंद।** प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च से प्रारंभ हो चुके हैं और जो 17 अप्रैल की रात्रि 12 बजे तक कर पाएंगे।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण का पाठ

**रायपुर।** रायपुर के बुढ़पारा स्थित श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 9 दिवसीय अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर परिहार महिला भजनी मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। भक्तजन बड़ी संख्या में शामिल होकर रामायण पाठ आनंद ले रहे हैं और यथासंभव सहयोग भी दे रहे हैं। हनुमानजी का दर्शन का लाभ ले रहे हैं और अपने जीवन को सार्थक बना रहे हैं।

# भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिलः चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत बलौदाबाजार जिले से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा डीबीटी के माध्यम से राज्य के 4 लाख 95 हजार 965 हितग्राहियों को 495 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। इसी क्रम में जिले में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के 35,226 पात्र हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में प्रति हितग्राही 10 हजार रुपए की दर से राशि अंतरित की गई एवं अतिथियों द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, सदस्य निधि चंद्राकर, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में अनेक ऐसे परिवार हैं, जो भूमिहीन होने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में जीवनयापन करते हैं। ऐसे परिवारों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में आज जिले के 35,226 हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि अंतरित की गई है, जिससे उन्हें त्वरित लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने इस दूरदर्शी पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह योजना अंत्योदय की भावना को साकार करती है। इसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता भूमिहीन मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करेगी। जिला स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूर्व में दी जा रही 7,000 रुपये की सहायता राशि को बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति वर्ष किया गया है, जो सराहनीय निर्णय है। इससे हितग्राही परिवारों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि यह योजना राज्य सहित जिले के भूमिहीन कृषक एवं श्रमिक परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी है। जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कहा कि योजना से प्राप्त राशि का उपयोग सकारात्मक दिशा में किया जाना चाहिए। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे इस राशि का उपयोग केवल दैनिक आवश्यकताओं तक सीमित न रखकर स्वरोजगार, छोटे व्यवसाय, कृषि आधारित गतिविधियों एवं उद्यानिकी कार्यों में करें, ताकि उनकी आय में स्थायी वृद्धि हो सके। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महेंद्र सिक्का, राहुल चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, एसडीएम अक्षा गुप्ता, तहसीलदार जुगल किशोर पटेल सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं हितग्राही उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ-साथ वनोपज संग्राहक परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पारंपरिक सेवा से जुड़े भूमिहीन परिवारों को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित क्षेत्रों में देवस्थलों पर पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया एवं मांझी परिवारों को भी लाभान्वित किया जा रहा है।

### भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः निधि



**महासमुंद।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत कलेक्टर सभागार में जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र की जनप्रतिनिधि निधि लोकेश चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए हितग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान भूमिहीन कृषि मजदूरों एवं पात्र हितग्राहियों के खातों में योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि का विधिवत अंतरण किया गया। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाई गई, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और उन्हें समय पर सहायता प्राप्त हो। संबोधन में निधि लोकेश ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित यह योजना उन गरीब और भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए एक सशक्त सहारा है, जो अपनी आजीविका के लिए दूसरों के खेतों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### सवा लाख बाती की महाआरती में शामिल हुए भाजपा पार्षद

**महासमुंद।** जय मां महामाया जोता वाली मंदिर वार्ड क्रमांक 25 में चैत्र नवरात्र के छठवें दिन सवा लाख बाती की आरती का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वार्ड पार्षद व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू शामिल हुए। महाआरती नगर पुरोहित पंकज तिवारी द्वारा कराया गया। यह आयोजन फकीर सोनी द्वारा किया गया था। पार्षद साहू ने कहा कि सवा लाख बाती की महाआरती का आयोजन अपने आप में माता की भक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने माता जोता वाली से नगर की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

### किसानों को नई तकनीकों, उन्नत बीज और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**महासमुंद।** कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों के सम्मान को लेकर क्षेत्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेती का उत्थान, खेतिहर किसानों का सम्मान अभियान के तहत किसानों को नई तकनीकों, उन्नत बीज और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और आसान कृषि ऋण जैसी योजनाएं किसानों के हित में कारगर साबित हो रही हैं। इस दौरान जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। कई प्रगतिशील किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिससे अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिली। पिलेश्वर ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, उनका सम्मान और सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है। आने वाले समय में और भी योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे हर किसान आत्मनिर्भर बन सके। किसानों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से उन्हें नई दिशा मिलती है और खेती के प्रति उनका विश्वास बढ़ता है। खेती का उत्थान और किसानों का सम्मान सुनिश्चित कर देश को मजबूत बनाने की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# विश्व टीबी दिवस पर 48 ग्राम पंचायतों के सरपंच स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व क्षय रोग दिवस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनन्द द्वारा टीबी मुक्त हो चुके 48 ग्राम पंचायत सरपंच को सम्मानित किया गया। जिसमें से 20 को कांस्य व 28 को सिल्वर का प्रमाण पत्र के साथ मोमेंटो प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक द्वारा बताया गया कि टीबी बीमारी माइक्रोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु से फैलता है, जिसका खोज 24 मार्च 1882 को जर्मनी के डॉ रॉबर्ट कोच के द्वारा किया गया था, इसीलिए इस दिवस को क्षय रोग दिवस के रूप में मनाते हैं। टीबी का इलाज डॉटस पद्धति से किया जाता है। जिसमें रोगी 6 माह में पूर्ण स्वस्थ हो जाता है। इस वर्ष 2026 का थीम हम तपेदिक को समाप्त कर सकते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, नवाचार और प्रतिबद्ध समुदायों द्वारा संचालित है।




टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जिसका प्रमुख लक्षण शाम को बुखार आना, पसीना आकर बुखार उतर जाना, भूख ना लगना, वजन में कमी होना, दो सप्ताह से अधिक तक का बलगम युक्त खांसी इत्यादि प्रमुख है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। आगे खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे ने बताया कि भारत सरकार द्वारा डब्ल्यूएचओ के अनुसार 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। टीबी रोग को क्षय रोग व तपेदिक के नाम से भी जाना जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ शरीर का क्षरण होना होता है। टीबी से ग्रसित व्यक्ति के खांसने, छींकने व जगह जगह थूकने से यह एक दूसरे में फैलता है।

बीपीएम शीतल सिंह ने बताया कि सरायपाली में 107 पंचायत में 48 पंचायत निर्धारित मापदंड अनुसार टीबी मुक्त ग्राम पंचायत हुए है। जिसके लिये फील्ड व ब्लॉक स्तर पर सभी कर्मचारीयों का योगदान प्रमुख रूप से रहा है। आगे भी सभी टीम वर्क की तरह कार्य करते हुए बचे हुए 59 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। टीबी मुक्त करने के लिये यह जरूरी है कि व्यक्ति स्वयं सतर्क रहे और लक्षण दिखने पर तत्काल मितानिन व नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# रामनवमी पर्व पर कल होगा सवा करोड़ हनुमान चालीसा का जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिद्ध श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर कचहरी चौक महासमुंद द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष रामनवमी के पावन पर्व पर 27 मार्च को मंदिर समिति द्वारा धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि रामनवमी पर्व पर सिद्ध श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा 27 मार्च को मंदिर में प्रातः 08 बजे हवन पूजन ध्वजारोहण, 12 बजे रामजन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आरती व पंजरी प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा आतिशबाजी की जाएगी। संध्या 07 बजे से रात्रि 08 बजे तक भारत वर्ष ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में एक ही तिथि व एक ही समय पर होने वाला आयोजन हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 18वें वर्ष 18वें अनुष्ठान के रूप में हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ का आयोजन बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप महासमुंद के माध्यम से किया जाएगा। पश्चात महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए मंदिर समिति की बैठक हुई।



बैठक में सुशील चंद्राकर, संतोष शुक्ला, चंद्रशेखर साहू, सुरेंद्र स्वामी, जगमोहन चंद्राकर, बद्रीप्रसाद माहेश्वरी, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, अनूप उपासे, सौरभ बाफना, संजय साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह बंटी, हेमंत साहू, घनश्याम सोनी, जितेंद्र इदिकर, धरम भार्गव, धीरेंद्र लोनारे, अजय साहू, मदन प्रकाश शर्मा, पुजारी कुंदन वैष्णव पुजारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने उक्त धार्मिक कार्यक्रम में समस्त धर्म प्रेमी देवियों व सज्जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# नर्रा में तीन दिवसीय माइनर फॉरेस्ट फूड उद्यमियों के लिए रैंप प्रशिक्षण हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिले के ग्राम नर्रा के सामुदायिक भवन में 21 से 23 मार्च तक छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के संयुक्त सहयोग से भारत सरकार की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय योजना के रेजिंग एंड एक्सेल रिटिंग के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइनर फॉरेस्ट फूड क्षेत्र से जुड़े सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को उद्यमिता विकास, व्यवसाय प्रबंधन तथा बाजार विस्तार से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विपणन, ब्रांडिंग, लागत प्रबंधन, वित्तीय नियोजन, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही माइनर फॉरेस्ट फूड के अंतर्गत नवीन उत्पादों के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस योजना के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इस पुरे प्रशिक्षण मैं सभी उद्यमियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिए।

समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक आरंग,
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं घनश्याम ध्रुव उम्र 43 वर्ष पिता होस राम ध्रुव जाति गोंड़ (अ.जा.जा.), निवासी ग्राम परसकोल पोस्ट बाना तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूं।

1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मैं घनश्याम ध्रुव पिता होस राम ध्रुव जो स्कूल दाखिल खारिज पंजी में मेरा नाम घसियाराम पिता होशराम नाम से दर्ज है
3. यह कि मेरा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक 7086 2448 3006 में मेरा नाम घनश्याम ध्रुव पिता होस राम ध्रुव नाम दर्ज है।
4. यह कि कंडिका क्रमांक 02 व 03 में दर्ज दोनों ही नाम मेरा ही है अर्थात एक ही व्यक्ति का है।
5. यह कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति निर्मित होता है तो उसके लिए समस्त जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त नामधारी शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक में प्रस्तुत कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 27/02/2026 को आरंग में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
**दिनांक 27/02/2026**

सत्यापनकर्ता




आज दशगात्र

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः,
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

जन्म 19.07.1951



स्वर्गवास 18.03.2026

**स्व. श्रीमती उकियाबाई चक्रधारी**

अत्यंत दुःख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती उकियाबाई चक्रधारी** का स्वर्गवास दिनाँक 18.03.2026 दिन बुधवार को हो गया है। जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है। अतः आपसे निवेदन है कि इनके मृत्यु संस्कार कार्यक्रम में दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान हेतु श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सहपरिवार सम्मिलित होकर हमें अनुग्रहित करें।

**कार्यक्रम**
दशगात्र : दिनाँक 26.03.2026 दिन-गुरूवार
कार्यक्रम स्थान ग्राम-परसुली (नर्रा) तालाब कार्यक्रम 11 बजे

**शोकाकुल परिवार**
श्री नारायण, माखन, देव, कौशिक, गोविंद, टेकराम, उत्तम, कांतीलाल, ठाकुरराम, मनोज, टिंकू एवं समस्त चक्रधारी परिवार।

**विनीत**
श्री धनिराम चक्रधारी (पति),
श्री कपुरचंद-चन्द्ररेखा (बेटा-बहू)
श्री आनंदराम मोतिन (बेटा-बहू)
श्री वेदप्रकाश-कामिनी (नाती-बहू), अवधराम, दिपक (नाती)
ग्राम-परसुली (नर्रा) जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
मो. 6261999048, 7747900983

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

खबर संक्षेप

## शुभम ने अपनी नियुक्ति पर जताया आभार



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महासमुंद ग्रामीण के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष शुभम बाघ ने अपनी नियुक्ति पर अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा और संपन्न के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। युवाओं को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## चैत्र नवरात्र सप्तमी पर की गई महाआरती



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में चैत्र नवरात्र महोत्सव के सप्तमी तिथि के दिन एक घंटे महाआरती की गई। नवरात्र में नौ दिनों तक माता रानी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। नवरात्रि में रोजाना दुर्गा चालीसा का पाठ करने का विशेष महत्वो होता है। धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि नवरात्र पर्व पर हर दिन मां दुर्गा चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। दुर्गा चालीसा का पाठ करने से केवल मां दुर्गा के नौ रूपों की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि आध्यात्मिक और मानसिक शांति भी मिलती है। इस अवसर पर रंजीत, दिलीप, दुलार, परशुराम, राधे, रुपेश, भूषण, कौशल्या, शकुन, भारती, दामिनी, अंजू, रीखा, ललिता आदि मौजूद रहे।

## सोहम हास्पिटल में विभिन्न बीमारियों की जांच कल



**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में नवरात्रि पर्व पर 27 मार्च शुक्रवार सुबह 11 बजे से 1 बजे विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। इस हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी निःशुल्क रहेगी। बीपी की समस्या, चलने में हांफना, सीने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोजर, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप होना और जैसे इको एंड इसीजी एंड लैब टेस्ट के फायदे ले सकते है।

## प्रवेश प्रक्रिया 10 से



**बसना।** पीएम सेजेस बसना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ की जाएगी। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन होने हैं। विद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 05 मई 2026 तक चलेगी। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन निर्धारित पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा जो विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे कार्यालयीन समय में विद्यालय कार्यालय पीएम सेजेस बसना में उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

## सड़क निर्माण के लिए मिली मंजूरी

**महासमुंद।** राज्य शासन ने एनएच-353 से साराडीह तक 5.025 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 9 करोड़ 26 लाख 15 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विभाग के कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर चंद्राकर ने बताया कि निविदा प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्य में गुणवत्ता, मितव्ययिता एवं वित्तीय अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# अमर शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर श्रृंखला साहित्य मंच की हुई विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

23 मार्च 2026 को स्थानीय रितेश स्टूडियो में शहीद भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। युद्ध का उन्माद और विश्व युद्ध की आहट विषय पर श्रृंखला साहित्य मंच के साहित्यकारों ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर युद्ध की विभिषिका और उसके दुष्प्रभाव पर सभी वक्ताओं ने गहरी चिंता व्यक्त की। युद्ध के दुष्परिणाम और कारणों पर विचार करते हुए वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह के चिंतन परक आलेखों के अनेक उद्धरण भी प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर कार्यक्रम के सभापति वरिष्ठ साहित्यकार अनूप दीक्षित एवं उपस्थित सदस्यों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। श्रृंखला साहित्य मंच के अध्यक्ष प्रवीण 'प्रवाह' ने गोष्ठी का संचालन करते हुए विषय पर प्रकाश डाला और कहा कि गृह युद्ध हो या विश्व युद्ध हो, युद्ध हमेशा मानवता के खिलाफ होते हैं, समस्याओं का समाधान बातचीत से होना चाहिए। दुनिया के साहित्य कारों को चाहिए कि वे अपनी लेखनी के माध्यम से युद्ध के विरुद्ध जन चेतना जागृत करें। ओजस्वी वक्ता उमेश दीक्षित ने कहा कि वर्तमान में युद्ध की स्थिति कुछ बड़े देशों की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और व्यापारिक लाभ की मंशा का परिणाम है। विश्व के तमाम छोटे देशों को भारत की गुटनिरपेक्ष



नीति का समर्थन करना चाहिए। सभापति की आसंदी से श्रृंखला के पूर्व अध्यक्ष अनूप दीक्षित ने कहा कि सांप्रदायिक जहर राष्ट्रीय ही नहीं वैश्विक स्तर पर फैल रहा है। इसका दुष्परिणाम विश्व युद्ध में परिणित हो सकता है अतः सतर्क रहने की आवश्यकता है। वरिष्ठ रचनाकार एफए नंद ने कहा कि युद्ध का दुष्परिणाम हर देश को भुगतना पड़ता है। क्योंकि, इससे विश्व व्यापार प्रभावित होता है और इसमें गरीबों को ही ज्यादा पीड़ित होना पड़ता है। वरिष्ठ कवि बंटी छत्तीसगढ़िया ने कहा कि जब कोई देश अतिवादिता करता है तो उसके खिलाफ युद्ध की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन, युद्ध सर्वकालिक समाधान नहीं दे सकता, युद्ध मानव जीवन का शत्रु ही होता है। पत्रकार व कवि संतोष गुप्ता ने कहा कि समाचार पत्रों और मीडिया में बहुत बढ़ा-चढ़ाकर युद्ध की बात की जा रही है, जिससे लोगों में एक भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है। मीडिया को भाईचारे का माहौल उत्पन्न करना चाहिए। श्रृंखला के ग्रामीण हस्ताक्षर कवि माधव तिवारी ने कहा कि शहीद भगत सिंह और उनके साथी सशस्त्र क्रांतिकारी होने के बावजूद हिंसा और युद्ध के पक्ष में नहीं थे। इसीलिए उन्होंने असेंबली में खाली जगह पर बम फेंक कर केवल प्रतीकात्मक विरोध प्रकट किया था। इन क्रांतिकारियों से पूरे विश्व को सीख लेनी चाहिए।

युद्ध की विभीषिका पर प्रवीण 'प्रवाह' ने एक लंबी मार्मिक कविता सुनाई, उसकी ये पंक्तियाँ देखिए- ज़न्दा लाशें रोज देखतीं, गैरों की, अपनों की लाशें। विश्व युद्ध जब विष उगलेगा, बिखरेंगी लाशें ही लाशें। गिद्धों की सरकारें कहतीं, हमको बहुत जरुरी लाशें। गोष्ठी के अंत में श्रृंखला मंच के सदस्यों ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को मौन श्रद्धांजलि दी।

### चर्चा : शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर सरपंचों ने कसी कमर

# जपं की बैठक में सरपंचों को उनके दायित्वों का कराया गया बोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

कलम और संकल्प जब हाथ मिलाते हैं, तो बदलाव की इबारत लिखी जाती है। कुछ ऐसा ही मंजर जनपद पंचायत बागबाहरा के सभाकक्ष में देखने को मिला, जहां ग्राम पंचायत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण समिति की मजबूती के लिए आयोजित बैठक महज़ एक सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की 'ब्लूप्रिंट' बन गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पंचायतों के मुखियाओं को उनके वास्तविक दायित्वों का बोध कराया गया।



### रटने की 'रस्म' छोड़, गढ़ना होगा व्यक्तित्वः केशव

बैठक की कमान संभाल रहे जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने कड़े और स्पष्ट शब्दों में कहा कि ग्राम पंचायत का सरपंच केवल एक पद नहीं, बल्कि गांव का 'अभिभावक' होता है। उन्होंने शिक्षा के गिरते स्तर और रटने की परिपाटी पर प्रहार करते हुए कहा, ₹हमें ऐसी पीढ़ी तैयार नहीं करनी जो सिर्फ पन्ने रटे, बल्कि हमें ऐसे व्यक्तित्व गढ़ने हैं जो दक्षता और आत्मविश्वास से लबरेज हों। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा ही वह इकलौती सीढ़ी है जो किसी भी समाज को अंधकार से उजाले की ओर ले जा सकती है।

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार एवं जनपद सभापति मधुलिका चंद्राकर ने सरपंचों को टीम भावना का मंत्र देते हुए सुझाव दिया कि वे अपने गांवों में केवल सरकार के भरोसे न बैठें, बल्कि शिक्षित युवाओं, सक्रिय महिलाओं और प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिकों की एक ऐसी थिंक टैंक टोली बनाएं, जो शिक्षकों और पालकों के साथ संवाद कर बच्चों के भविष्य की मुकम्मल प्लानिंग कर सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सत्र में बच्चों का स्कूल में ठहराव और उपस्थिति ही पंचायत की असली सफलता का पैमाना होगा।

### नशा मुक्ति की नींव पर खड़ा होगा विकास का महलः सीईओ

प्रशासनिक पक्ष रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएस मरावी ने सरपंचों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों के लिए फंड की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। शासन स्तर पर पत्राचार जारी है और जल्द ही राशि पंचायतों तक पहुंचेगी। लेकिन, उन्होंने एक गंभीर चेतावनी भी दी कि अगर पंचायत को सचमुच बदलना है, तो उसे सबसे पहले 'नशा मुक्त' करना होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि नशे की गर्त में डूबा समाज कभी विकास की मुख्यधारा से नहीं जुड़ सकता।

### जर्जर स्कूल भवनों ढहाने का लिया फैसला

बैठक के दौरान कुछ जमीनी और कड़वे फैसलों पर भी मुहर लगी। निर्देश दिए गए कि जो स्कूल भवन जर्जर हो चुके हैं और बच्चों की जान के लिए खतरा बने हैं, उन्हें अविलंब डिस्मेंटल किया जाए। साथ ही भीषण गर्मी की आहट को देखते हुए सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों और स्वास्थ्य केंद्रों में 'शत-प्रतिशत' पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।


### समन्वय और संवाद की दिखी झलक

इस वैचारिक मंथन में बीईओ केके वर्मा, बीएमओ बीएस बढ़ई, एबीईओ रामता मन्नाडे सहित क्षेत्र के सरपंचों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का निष्कर्ष यही निकला कि पंचायतें केवल कागजी प्रस्ताव न भेजें, बल्कि धरातल पर बदलाव की ऐसी कार्ययोजना तैयार करें, जिसे आगामी वार्षिक योजना में शामिल किया जा सके।

## नवनिर्मित हनुमान बालाजी मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोइरगांव (कोमाखान)

कोमाखान के वार्ड नंबर 11 में ग्रामवासियों द्वारा नवनिर्मित हनुमान बालाजी मंदिर का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा हैं। जिसमें अनेक भक्तों का भरपूर सहयोग मंदिर समिति को मिल रहा है। हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एक पवित्र धार्मिक आयोजन है। जिसमें नवनिर्मित मंदिर में हनुमान की लाल पत्थरों से निर्मित भव्य मूर्ति जो मथुरा वृंदावन से लाई गई है का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठित करने की तैयारी जोरों से चल रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष कुमार ठाकुर ने बताया कि 2 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा हनुमान प्रकटोत्सव के दिन हनुमान बालाजी मारुति नंदन की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। तीन दिवसीय चलने वाले इस कार्यक्रम में 31 मार्च 2026 मंगलवार शाम 4बजे से भव्य कलश यात्रा राधा किशन मंदिर, गांधी चौक, दुर्गा मंदिर बस स्टेंड से होते हुए ग्राम भ्रमण कर नवनिर्मित मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात मारुति नंदन का जलाधिवास कराया जाएगा। 1 अप्रैल को प्रातः वेदी पूजन गणेश पूजन, सर्व देव पूजन अन्नाधिवास, फलाधिवास कराया जाएगा। 2अप्रैल शुभ समय में प्रातः भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, शिखर प्रतिष्ठा, ध्वजदंड की विधि वा अनुष्ठान आचार्य पंडित अनिल शास्त्री महाराज एवं अन्य पंडितों के मार्गदर्शन में संपूर्ण वैदिक मंत्रों के साथ कराई जाएगी। दोपहर महाभोग के साथ ही साथ संध्या विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन रखा गया है। जिसमें स्वामी अग्नि सिखा महाराज के भी पहुंचने की संभावना है। ग्राम कोमाखान का पूरा वातावरण तीन दिनों तक उत्साह, आस्था का संगम और जय राम, जय बजरंगबली के नारों से गूंजायमान वा भक्तिमय माहौल बना रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम को कराने में मंदिर समिति वा ग्रामजन प्रमुखता से लगे हुए हैं, जिनमें कैलाश जैन, आशीष वाकड़े, नितिन जैन, डी. वैद, रेशम पटवा, सुनील जैन, राहुल श्रीवास, भूषण सिन्हा, रवि जैन, घनश्याम यादव, देवव्रत शर्मा, डा संजीत, हितेश हिंडोचा, नागेंद्र,ठाकुर, खेमदास मानिकपुरी, राधे यादव, तोषराम यादव, शिव महाराज आदि लगे हुए हैं।



# क्वींस ग्रुप ने किया महिलाओं का सम्मान

### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

क्वींस ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोलवलकर भवन में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं को प्रोत्साहित करने एवं समाज में उनकी भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। मुख्य अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी अहिल्या, विशिष्ट अतिथि पुष्पलता चौहान, सरिता साहू, डॉ ममता सिंह, नेहा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पौधा देकर किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में नीलावती पाणिग्रही सरायपाली, रुबीना बानो बसना, खेमलता प्रधान सांकरा, दीपा महार बागबाहरा, गीता साहू बागबाहरा,



संपा बोस महासमुंद, उषा चौहान विखं बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़, स्वास्थ्य के क्षेत्र में चमेली सिंह सिदार वि खंड बरमकेला जिला सारंगढ़, किरण सिंह तोरेसिंहा सरायपाली, सुरक्षा के क्षेत्र में आरती प्रधान थाना सिंघोड़ा सरायपाली ने सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मध्य में सब ने नृत्य का लुफ्त उठाया। नृत्य प्रतिभागी हदया खंडेल, आन्या सतपथी, गायत्री दास, हेमाभारती ने नृत्य प्रदर्शन किया। संगीत में अमृता सिंह ठाकुर, मिथिला पटेल ने बहुत ही मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। साथ ही साथ अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुर्सी पाओ में प्रथम स्थान पर लक्ष्मी नायक, द्वितीय स्थान पर डॉ ममता सिंह रहे। आनंद मेला के आयोजन में सर्वाधिक विक्रेता जिज्ञासा कनुनागो, पत्तल दौड़ में प्रथम स्थान पर अनुपमा सतपथी, द्वितीय स्थान पर श्रद्धा नाग, क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। क्वींस ग्रुप के अध्यक्ष रेखा पुरोहित द्वारा प्रतिवेदन पठन किया गया। मंच संचालन डॉ शुभ्रा डडसेना एवं योगिता प्रधान द्वारा किया गया। स्वागत प्रभारी वंदना सतपथी, पुष्पा पारेश्वर, मीरा खंडेल रहे। प्रतियोगिता प्रभारी डोलेश्वरी सिदार, शीला विश्वास रहे। स्वल्पहार प्रभारी निरुपमा देवता, तुष्टिका दास, वंदिता वहीदार, पूर्णिमा नाग, प्रेमलता पटेल, पुरस्कार वितरण प्रभारी उषा चौहान, वर्षा नंद, ज्योति साहू, अंजू साहू, अनुपमा मांझी, तेजकुमारी भोई, सीता पटेल एवं ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी भूमिका निभाई।

# बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई शुरू, 46 उपभोक्ताओं के नाम सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा ने बड़े टैक्स बकायेदारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पालिका कार्यालय के सूचना बोर्ड पर बकायेदारों की सूची चस्पा कर दी गई है। नगर पालिका के सीएमओ गिरीश चंद्रा के अनुसार कुल 81 उपभोक्ताओं पर लगभग 20 लाख रुपए का संपत्ति एवं समेकित जल टैक्स बकाया है। इनमें से 46 उपभोक्ता के नाम सार्वजनिक चस्पा कर होडिंग में लगाया गया है।

पालिका प्रशासन ने नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। सभी बकायेदार उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किया गया है। समय सीमा में टैक्स का भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका प्रशासन बकायेदारों के नाम शहर के चौराहों पर भी चस्पा करेगा। छत्तीसगढ़ पालिका संहिता के तहत वसूली की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद को कर्जमुक्त करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

नगर पालिका अधिनियम तहत नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सभी संपत्तियों पर संपत्ति कर देना अनिवार्य है। इसके बावजूद, पालिका के अभिलेखों में बड़ी संख्या में ऐसे धारक हैं, जिन्होंने लंबे समय से अपना कर जमा नहीं किया है। जानबूझकर कर भुगतान से बचने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यकतानुसार प्राथमिकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। इसके अलावा नगर पालिका बकाया व की सूची सार्वजनिक कर दी है। पालिका प्रशासन का कहना है कि जरूरत पड़ने पर विधिसम्मत वसूली की अन्य कार्रवाई भी की जाएगी।




### पत्रकारिता समाज को दिशा देने वाला सशक्त स्तंभ

# पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाएं, विषय पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. करुणा दुबे ने की। विशेष रूप से हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, सहायक प्राध्यापक डॉ. जीवन चंद्राकर, डॉ. कलम रेखा तथा एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के वंदन से हुआ, जिससे वातावरण ज्ञान और सृजनात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। विभाग प्रमुख डॉ दुर्गावती भारतीय द्वारा स्वागत भाषण करते हुए बताया गया कि नई



राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उदेश्य विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा देना है। हिंदी के विद्यार्थी पत्रकारिता के क्षेत्र में इंटर्नशिप में 60 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकते है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज इसकी उपयोगिता बहुत है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रो करुणा दुबे ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला सशक्त स्तंभ है।

मुख्य वक्ता जिला जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू ने अपने प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक संबोधन में पत्रकारिता के मूल तत्व "5डब्ल्यू 1एच " (क्या, कब, कहां, कौन, क्यों, कैसे) को अत्यंत सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाचार लेखन की बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार एक साधारण घटना को तथ्यों की सटीक प्रस्तुति और प्रभावी भाषा के माध्यम से सशक्त समाचार में परिवर्तित किया जा सकता है। उनके उद्बोधन ने विद्यार्थियों में पत्रकारिता के प्रति नई जिज्ञासा और उत्साह का संचार किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का गंभीरता और आत्मीयता से उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। साथ ही पत्रकारिता के उद्देश्य एवं उसके विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है, जो न केवल घटनाओं को प्रस्तुत करती है, बल्कि सामाजिक चेतना को जागृत करने का भी कार्य करती है। संचालन ऋचा चंद्राकर ने किया।

